भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1019

गुरुवार, 08 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

गया में कार्गो विमान

1019. श्री विजय कुमार:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का गया विमानपत्तन से कार्गो विमान संचालित करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) और (ख): मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ, भारतीय घरेलू विमानन को पूरी तरह से नियंत्रणमुक्त कर दिया गया था। एयरलाइनें किसी भी प्रकार के विमान के साथ अपनी क्षमता बढाने और किसी भी बाजार और नेटवर्क में परिचालन करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसलिए, यह एयरलाइन ऑपरेटर पर निर्भर है कि वह अपनी परिचालन और वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर देश के किसी भी शहर से/ के लिए मालवाहक सेवाओं सहित हवाई सेवाओं की शुरुआत पर विचार करे।

******